भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22.09.2025

आरेडिका में राजभाषा पुरस्कार वितरण एवं विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन

आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से राजभाषा पखवाडा के तहत दिनांक–17.09.2025 से 27.09.2025 तक विभिन्न राजभाषा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में आज दिनांक–22.09.2025 को सरस्वती प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक संध्या एवं विशाल कवि सम्मेलन तथा राजभाषा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं आरेडिका की हिंदी त्रैमासिक प्रगति पत्रिका के सितम्बर अंक का विमोचन किया।

इस सम्मेलन में काव्य/गीत के क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुके प्रतिष्ठित कवि मुकुल महान (हास्य कवि), अरविन्द झा (हास्य कवि) शिखा श्रीवास्तव (शृंगार कवयित्री), योगेश शुक्ला (गीत) एवं प्रो0 डा0 विनम्र सेन सिंह (गीत समसामायिक) ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत की। साथ ही आरेडिका की कनिष्ठ लिपिक प्रियंका राणा ने एकल नृत्य और बच्चो द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। कवियों नें अपनी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर समां बाँध दिया। शृंगार कवयित्री शिखा श्रीवास्तव ने भी दर्शको से खचाखच भरे प्रेक्षागृह में अपनी रचनाओं पर खूब तालियां बटोरी।

आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित अधिकारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता में अनिल कुमार श्रीवास्तव जनसम्पर्क अधिकारी ने प्रथम एवं शबीह अहमद वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता द्वितीय तथा मोहित तिवारी उप मुख्य यांत्रिक अभियंता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कर्मचारी निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी तकनीशियन, ब्रजेश कुमार वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, तथा राजेश कुमार यादव तकनीशियन ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वाक् प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी तकनीशियन ने प्रथम एवं शिखा रावत मुख्य कार्यालय अधीक्षक ने द्वितीय तथा भावना मुख्य कार्यालय अधीक्षक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

22/09/2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी